तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 14 जुलाई 2025

9 भक्तों को सत्संग में लगाकर बुराइयों से बचाते साधु-संत : गुप्ति सागर महाराज



9 रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत ने 76वें वन महोत्सव पर लगाए 151 पौधे



**खबर संक्षेप**

### पुलिस ने तीसरे आरोपित को भी गिरफ्तार किया

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने पेट्रोल पंप से स्कार्पियो की टंकी फुल कराकर भागने की घटना में तीसरे आरोपित रोहतक में आजाद नगर के सुनील उर्फ गिन्नी को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत भेजा गया। गोहाना के उत्सव ने छह जुलाई को पुलिस को शिकायत दी थी कि तीन व्यक्ति स्कार्पियो में आए थे और सेल्समैन से टंकी फुल करवाकर बिना भुगतान के भाग गए थे। पुलिस ने आरोपित सुनील को गिरफ्तार किया।

### सैनीपुरा में शिव मंदिर में रक्तदान शिविर आज

**गोहाना।** गांव सैनीपुरा के शिव मंदिर में 14 जुलाई को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर मंदिर में कांवड़ सेवा शिविर के उद्घाटन पर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रातः 9 बजे से सायं 3 बजे तक आयोजित होगा। कांवड़ सेवा शिविर व रक्तदान शिविर ग्राम पंचायत सैनीपुरा, शिव शंकर सेवा ट्रस्ट और शिव मंदिर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा।

### मादक पदार्थ सहित आरोपित को गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना मे संलिप्त आरोपित को मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक पुत्र रणधीर गांव रभड़ा हाल उतम नगर, गोहाना का रहने वाले है। 13 जुलाई को क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम मे नियुक्त सहायक उप निरिक्षक अनित कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गोहाना-जीन्द रोड पर फ्लाई ओवर के नजदीक मौजूद थे। तभी उनको खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि दीपक पुत्र रणधीर गांजा बेचने का काम करता है।

### कांग्रेस का कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन आज

**सोनीपत।** जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत द्वारा पूर्व विधायक जगबीर मलिक एवं सुरेन्द्र पंवार के नेतृत्व में सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश मे हो रहे दलितों, पिछड़ो पर अत्याचार और महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म को लेकर सुबह दस बजे लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया जाएगा और राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त सोनीपत को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान सभी विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेतागण, सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। एस सी विभाग एवं कांग्रेस सेवादल मुख्य रूप से कार्यक्रम का संचालन करेगा।

# 'ऑपरेशन दोस्ती' से थमेगी ट्रेनों पर पथराव की घटनाएं

## रेलवे को हो रहा आर्थिक नुकसान, यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में

**आरपीएफ ने सोनीपत-राठधना में चलाया जागरूकता अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रेल यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ा कदम उठाया है। हाल ही में ट्रेनों पर बढ़ती पत्थरबाजी की घटनाओं को देखते हुए आरपीएफ ने 'ऑपरेशन दोस्ती' नामक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत आरपीएफ का फोकस उन क्षेत्रों पर है जहां से ट्रेनों पर पथराव की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

ऑपरेशन दोस्ती न केवल ट्रेनों की सुरक्षा के लिए एक कदम है, बल्कि यह रेलवे और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में एक प्रयास भी है। उम्मीद है कि इस अभियान से सोनीपत और आसपास के क्षेत्रों में ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं में गिरावट आएगी और यात्रा और अधिक सुरक्षित होगी। ऑपरेशन दोस्ती के तहत आरपीएफ केवल जागरूकता फैलाकर ही नहीं रुक रही है, बल्कि स्थानीय निवासियों से सहयोग भी ले रही है। अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई नहीं, बल्कि लोगों में यह भावना पैदा करना है कि रेलवे की सुरक्षा में उनकी भी सहभागिता है।



सोनीपत। युवाओं को जागरूक करते हुए आरपीएफ कर्मी।

**हाल ही में हुआ था पथराव**

गत 11 जुलाई को शाम 5:30 बजे अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस पर राठधना-सोनीपत स्टेशन के बीच पथराव किया गया, जिससे ट्रेन की खिड़कियों के शीशे टूट गए और यात्रियों में दहशत फैल गई। इससे पहले 13 जून को दोपहर 3:45 बजे चंडीगढ़ से दिल्ली होते हुए अजमेर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर भी इसी रूट पर पथराव की घटना सामने आई थी।

**स्टेशन से लेकर बस्ती तक चला अभियान**

आरपीएफ थाना प्रभारी संगम यादव के नेतृत्व में रविवार को सोनीपत व राठधना स्टेशनों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें आरपीएफ टीम ने यात्रियों, प्लेटफॉर्म पर मौजूद युवाओं, और रेलवे लाइन के आसपास के ग्रामीणों को ट्रेनों पर पथराव न करने, रेल पटरियों पर पत्थर न रखने तथा इस तरह की हरकतों के गंभीर कानूनी दुष्परिणामों के बारे में बताया।

**चिह्नित किए गए संवेदनशील क्षेत्र**

आरपीएफ द्वारा जिन क्षेत्रों को पथराव की दृष्टि से संवेदनशील चिह्नित किया गया है, उनमें हरसाना कलां, सुंदर सावरी कॉलोनी, शनि मंदिर क्षेत्र, ईदगाह कॉलोनी, ज्ञान नगर, और गांव बैंयापुर खुर्द प्रमुख हैं। यह सभी इलाके रेलवे लाइन से सटे हुए हैं, जहां पर विशेष रूप से बच्चे और किशोर खेल के दौरान ट्रेनों पर पत्थर फेंकते पाए गए हैं।

**रेलवे को हो रहा नुकसान**

ट्रेनों पर पथराव से न केवल यात्रियों की जान को खतरा होता है, बल्कि इससे रेलवे को लाखों रुपये की संपत्ति क्षति भी होती है। टूटी खिड़कियां, क्षतिग्रस्त कोच और विलंबित सेवाएं यात्रियों की परेशानी बढ़ा देती हैं। आरपीएफ का कहना है कि ऐसे मामलों में अब सख्ती बरती जाएगी और दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**पथराव कानूनन अपराध**

*रेलवे लाइन पर पत्थर रखना और ट्रेनों पर पथराव करना कानूनन अपराध है। दोषी पाए जाने पर 5 साल तक की जेल और 10 हजार तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अभिभावक अपने बच्चों को ट्रेनों के प्रति जागरूक करें और यह समझाएं कि यह कोई खेल नहीं, गंभीर अपराध है।*
*– संगम यादव, थाना प्रभारी, आरपीएफ, सोनीपत*

# युवक ने पैसेंजर ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या, पहचान के प्रयास जारी

**रोहतक रोड ओवरब्रिज के पास हुई घटना, बरामद हुई साइकिल और चाबी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में रविवार सुबह अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां एक अज्ञात युवक ने चलती पैसेंजर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रोहतक रोड ओवरब्रिज के पास हुई। युवक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस पहचान के लिए प्रयासरत है। जानकारी के अनुसार, पानीपत से गाजियाबाद जा रही पैसेंजर ट्रेन संख्या 64472 (पीएनजी) जब सुबह 7:24 बजे सोनीपत रेलवे स्टेशन से रवाना होकर रोहतक रोड ओवरब्रिज के पास पहुंची, तभी एक युवक अचानक पटरियों पर आ गया और ट्रेन के आगे कूद गया। लोको पायलट ने तुरंत इस घटना की सूचना जीआरपी को दी। मौके पर पहुंची जीआरपी टीम ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जांच अधिकारी एएसआई अजय पंडित ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष प्रतीत होती है। उसने क्रीम रंग का कुर्ता-पायजामा पहन रखा था और दाहिने हाथ पर अंग्रेज़ी में 'आरके' गुदा हुआ है।

**साइकिल और चाबी से मिले सुराग**

घटनास्थल के पास ही रेलवे लाइन किनारे एक साइकिल खड़ी मिली, जिसकी चाबी मृतक की जेब से बरामद हुई है। पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मानते हुए मृतक की पहचान की दिशा में गहनता से छानबीन कर रही है। शिनाख्त के प्रयास के तहत जीआरपी द्वारा आसपास की बाबा कॉलोनी, लक्ष्मण नगर और मोहन नगर क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है, ताकि मृतक के परिजनों या परिचितों से संपर्क हो सके।

### ई-रिक्शा सवार महिला और चालक से लूट

**गन्नौर।** बलि कुतुबपुर गांव के पास एक महिला व ई रिक्शा चालक से बाइक सवार तीन युवकों ने ई-रिक्शा रोककर लूटपाट की और फरार होते समय हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता कौशल ने खूबड़ू झाल पुलिस चौकी में शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार गत शनिवार को कौशल धर्मबीर की ई-रिक्शा में सवार होकर समालखा से अपने गांव बलि कुतुबपुर लौट रही थी। गांव के पास तीन युवकों ने बाइक से रास्ता रोक लिया और पिस्तौल दिखाकर उसकी कानों की बाली, हाथ की दो चांदी की अंगूठियां और धर्मबीर की जेब से 150 रुपये लूट लिए। जाते-जाते आरोपितों ने हवाई फायर किया और जान से मारने की धमकी दी।

# पुलिस ने शहर में दुकानदारों व आम लोगों से किया संवाद



गोहाना। दुकानदारों व आम लोगों से बातचीत करते हुए पुलिस।

**गोहाना।** रविवार को गोहाना में पुलिस ने मुख्य बाजार में पैदल गश्त करके दुकानदारों व आम लोगों से सीधा संवाद किया। गश्त का उद्देश्य जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूती देना व अपराधियों पर निगरानी बनाए रखना रहा। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देश पर गश्त की गई। समता चौकी के प्रभारी जगदीश कुमार के नेतृत्व में 44 पुलिस कर्मियों की टीम ने पैदल गश्त की। पुलिस ने लोगों को विश्वास दिलाया गया कि वह सहायता व सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि फुट पेट्रोलिंग एक पुरानी लेकिन प्रभावशाली पुलिसिंग तकनीक है, जिससे अपराध रोका जा सकता है व समाज के साथ संवाद सशक्त होता है। गश्त के दौरान पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से असामाजिक तत्वों में भय का संचार होता है। बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त से नागरिकों को यह अनुभव होता है कि पुलिस उनके साथ है। पैदल चलते समय पुलिस कर्मी नागरिकों से बातचीत करते हैं, उनकी समस्याएं सुनते हैं और सुझावों को गंभीरता से लेते हैं। यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक स्थानों की मर्यादा और कानून का पालन सुनिश्चित करने में यह पहल कारगर होती है।

# राठधना मंदिर को गिराने के नोटिस को लेकर गांवों में विरोध हुआ तेज

- हिंदू आस्था पर चोट बर्दाश्त नहीं, ग्रामीणों ने बनाई रणनीति, मंदिर रक्षा के लिए आगे आए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राठधना गांव में निर्माणाधीन शिवरामेश्वर धाम मंदिर को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नगर निगम सोनीपत द्वारा मंदिर गिराने के लिए नोटिस जारी किए जाने के बाद इस कार्रवाई का विरोध अब गांवों तक पहुंच गया है। ग्रामीणों ने इसे हिंदू आस्था पर सीधी चोट बताया है और नोटिस के विरोध में आगामी दिनों में गांव फाजिलपुर और रायपुर में बैठकों का आयोजन करने की योजना बनाई है। मंदिर को गिराने के नोटिस के खिलाफ ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर हिंदू धर्म की आत्मा और आस्था का प्रतीक होते हैं और इनकी रक्षा करना हर हिंदू का कर्तव्य है। किसी भी हाल में धर्मस्थलों के विरुद्ध कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंदिर निर्माण को लेकर बढ़ते तनाव ने अब ग्रामीणों को एकजुट कर दिया है। फाजिलपुर और रायपुर गांवों की प्रस्तावित बैठकें इस आंदोलन की दिशा और रणनीति तय करेंगी। ग्रामीणों की मांग स्पष्ट है— मंदिर नहीं गिरने दिया जाएगा। भविष्य की रणनीति बनाने के लिये गांव फाजिलपुर में 23 जुलाई को दोपहर 11 बजे गांव के मंदिर में बैठक होगी। इसके उपरांत 27 जुलाई को गांव रायपुर में सुबह 10 बजे गांव के मंदिर में बैठक की जाएगी। बैठक की योजना बनाने के लिए हुई बैठक में क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य लोग और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल रहे। इनमें प्रमुख रूप से पालेराम खत्री, सीना खत्री, चाँदरूप प्रधान, राजकुमार राणा, जयभगवान राणा, राजू राणा, वेद सिंह सैनी, अनिल जैन, संदीप, नफे सिंह हुड्डा, सतीश समाजसेवी और जयवीर हुड्डा शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि मंदिर की रक्षा के लिए कानूनी व सामाजिक स्तर पर हर संभव कदम उठाया जाएगा।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित समाज के प्रबुद्धजन।

# अतिक्रमण: बहालगढ़ चौक पर चला अभियान, दुकानदारों में मचा हड़कंप

- जिला में ट्रैफिक सुचारू करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, जनता को जाम से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में लगातार बढ़ रही ट्रैफिक समस्या को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस सोनीपत ने पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक एवं क्राइम नरेन्द्र कादयान के दिशा-निर्देशों पर आज एक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह अभियान बहालगढ़ चौक और उसके आसपास के क्षेत्रों में केंद्रित रहा, जहां दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण अक्सर भारी जाम की स्थिति बनी रहती थी। अभियान की शुरुआत सुबह ट्रैफिक थाना प्रभारी और भारी पुलिस बल की उपस्थिति में हुई। पुलिस की कार्रवाई देखकर दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी वालों और अवैध रूप से सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दुकानों के सामने अवैध रूप से रखे गए सामान को हटवाया और सड़क के किनारे खड़ी रेहड़ियों को भी तत्काल हटाया। प्रशासन की इस कार्रवाई से जहां आमजन को राहत मिली है, वहीं दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों को चेतावनी भी मिल गई है कि अब समय पर सुधरना ही बेहतर विकल्प है।



सोनीपत। बहालगढ़ रोड से अतिक्रमण हटवाते हुए पुलिस कर्मी।

### जनता को मिली राहत, दुकानदारों को चेतावनी

लोगों ने बताया कि दुकानों के बाहर सामान रखने और सड़कों पर रेहड़ियां खड़ी करने से बहालगढ़ चौक क्षेत्र में लगातार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती थी। आज पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के बाद लोगों को आवागमन में राहत महसूस हुई। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों और वाहन चालकों को चेताया कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण या अवैध पार्किंग करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक ने दी चेतावनी**

पुलिस ने मौके पर मौजूद दुकानदारों और राहगीरों को साफ चेतावनी दी कि अब अगर दोबारा सड़क पर सामान या रेहड़ी लगाई गई, या वाहन गलत तरीके से पार्क किया गया, तो बिना नोटिस सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करें। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले समय में सड़कों पर बिना पार्किंग के खड़े वाहनों और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। ऑटो चालकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल निर्धारित ऑटो स्टैंड पर ही वाहन खड़ा करें।





## हरियाणवी गायन विधा

हरियाणा की लोक-गीत संस्कृति गीत, रागिनी व स्वांग तक ही सीमित नहीं है। इसमें 40 से भी अधिक गायन की विधाएं रही हैं। इनमें दोहा, काफिया (तीन पंक्ति), चौबोला, शिव स्तुति, सोहनी, झूलना, राधेश्याम, अली बख्श, ख्याल, निहाल दे, दौड़, साका, आल्हा, बहर-ए-तवील, नसीरा, बारहमासा, छंद, उलट बांसी आदि शैलियां शामिल हैं। हरियाणा की गायन शैलियों की यह विशेषता भी रही है कि विशेषकर महिलाओं के गीत मौसम के हिसाब से रचे जाते रहे हैं।

# लखमीचंद का वाग्वैभव हरियाणा की शान

## काव्य-प्रतिभा के बल पर सूर्यकवि कहलाए दादा लखमी

तद्रूप हो जाना या भावानुप्रवेश स्वांग की एक अनिवार्य शर्त है। किरदार को मनोयोग से निभा जाने में जो सक्षमता कविवर लखमीचंद ने दिखायी है, वह बड़ी विलक्षण है। पात्र चाहे नर का हो या नारी का, उसे निभाने में तदवत् हो जाना काफी सराहनीय माना जाता है।





15 जुलाई :जयंती विशेष

**चंद्रशेखर शर्मा**



जीवन और जगत से जुड़ी चर्चा ध्यान तो खींचती है सभी का किन्तु जब वह बात लोकोपयोगी सिद्ध हो जाती है तो एक साहित्य में स्थान पा जाती है। मैं कौन हूं, कहां से आया हूं, किस लिए आया हूँ ? ऐसे-ऐसे प्रश्न जनसाधारण को और बुद्धिजीवी वर्ग को कभी से सालते रहे हैं।

सम्पन्नता से भरे जीवन के बाद भी आत्मा तुष्टि के लिए संधान में जुटी रही है। यह आत्मा चूंकि उस अच्युत का ही अंश है अतः उसी के परम-स्वरूप का सान्निध्य पाने और उसी में लीन होने के लिए लालायित रहती है। हमारे समाज ने अच्छे-बुरे समय को देखा है पर उस समय में एकरसता का प्रसार करना, समाज में सौमनस्य स्थापित करने का कार्य जो हमारे साहित्यकारों ने किया है, उसे हम कथमपि न्यून नहीं कह सकते। हरियाणा की भूमि ने जहां राष्ट्रभाषा को समृद्ध करने वाले और सजग साहित्यकार दिए वहीं आंचलिकता को सम्पन्न करने वाली विभूतियां भी दीं। इन्हीं आंचलिक विभूतियों में एक नाम है कवि शिरोमणि दादा लखमीचंद का जो अपनी काव्य-प्रतिभा के बल पर सूर्य-कवि कहलाए। हम सभी जानते हैं कि जब सूर्योदय होता है तो आकाश के वो सितारे जो सूर्य के पीछे अपना अस्तित्व बनाए हुए हैं, दिखाई नहीं देते और न ही वो सितारे दिखायी देते हैं जो सूर्य से पहले दिखायी देते हैं। सूर्य का आलोक है ही ऐसा।

यह तथ्य है कि हरियाणा का कोई संस्कृति-प्रेमी अभागा-सा ही प्रतीत होता है जो पण्डित लखमी चंद के नाम से अपरिचित प्रमाणित होता है। उनका नाम प्रदेश के अग्रगण्य साहित्यकारों में आता है। उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन सांगों के माध्यम से किया। सांग (स्वांग) हरियाणा की प्रसिद्ध अभिव्यक्ति-शैली है जिसमें एक समृद्ध परम्परा साफ-साफ हमारे सामने आ खड़ी होती है। पन्द्रह जुलाई सन् 1903 को जिला सोनीपत के गांव जांटी में जन्मे पण्डित लखमीचंद अपठित थे पर अक्षर ज्ञान न होने के बावजूद भी उन्होंने लोकप्रियता के जिस स्तर को छूआ, उसे जानकर आज भी उनका व्यक्तित्व स्पृहणीय है। बेशक वो अपठित थे लेकिन बहुश्रुत होना उन्हें बड़ा रास आया था। दो-सौ रुपये प्रतिमाह पर दो ब्राह्मणों को केवल इसलिए रखा कि वे उन्हें श्रीमद्भागवत की कथा सुना दिया करें और श्रवणोपरान्त किसी शब्द का सही अर्थ बता दिया करें तथा किसी शंका का समाधान भी प्रस्तुत कर दिया करें। उनकी यह सार-संग्रही -वृत्ति उन्हें अग्रगण्य बना गई।

मण्ढाणा गांव के जिस दिव्य और सिद्ध पुरुष के यह बात पुष्ट हुई कि इस (लखमीचंद) से क्या प्रश्न पूछा जाय, इसके तो मुख पर साक्षात सरस्वती का वास है। वैसे मण्ढाणे वाले बाबा की सिद्धियों की मैंने भी अपने घर-परिवार में सुनी है। उनकी एक प्रति या भिवानी के किरोड़ीमल मन्दिर में देखी जा सकती है।

तद्रूप हो जाना या भावानुप्रवेश स्वांग की एक अनिवार्य शर्त है। किरदार को मनोयोग से निभा जाने में जो सक्षमता कविवर लखमीचंद ने दिखायी है, वह बड़ी विलक्षण है। पात्र चाहे नर का हो या नारी का, उसे निभाने में तदवत् हो जाना काफी सराहनीय माना जाता है। सेठ ताराचन्द्र, शाही लक्कड़हारा, नल-दमयंती, मीरा बाई आदि उनके जितने भी स्वांग हैं, उनमें पात्रों को जिस प्रकार से भाव मण्डित किया गया है, वह बेमिसाल है।

परम तत्त्व के साथ जुड़ जाने की तीव्र लालसा और संसार की इच्छाओं और आकर्षण के प्रति बिराग लिए घूमना व्यक्ति को व्यक्ति नहीं कुछ और ही बना देता है। ऐसी अवस्था में ये बोल मुख से निकल आएं तो क्या आश्चर्य कि

*'लख चौरासी खतम हुई ना बीत कलप युग चार गए*
*कितनी मायां का दूध पी लिया मरते-मरते हार गए।'*

ऐसे विचार किसी मुमुक्षु के ही हो सकते हैं। उनके विचार जो सामने आते हैं, उनका स्तर जन सामान्य के स्तर से कहीं ऊंचा है।

लौकिक व्यवहार को जानने वाले इस सच से वाकिफ होंगे कि प्रणय-सम्बंधों की जब शुरुआत होती है तो पहला कदम पुरुष को ही उठाना होता है किंतु सत्यवान और सावित्री के प्रसंग में यह हरकत, यह पेशकश सावित्री की ओर से आती है। 'फर फर, फर-फर फररर.. होरी हवा में उड़ता चीर तेरा' नामक रागनी नारी का नर के आगे प्रणय निवेदन करना देखने और सुनने वाले में रोचकता को भर देता है। 'मेरा कुणसा ढंग सुसराड़ जान का दमयंती भोली-भाली, कोए बुरा कहै कोए भला कहै कोए राम-राम बुरा दे गाली' कविताई को जानने वाले सहज ही अनुमान लगा लेते हैं कि शब्द पण्डित जी के आगे प्रार्थना कर रहे हैं, अपने चयन के लिए। अपनी काव्य-प्रतिभा के बल पर उन्होंने सामाजिक हित के बहुत कार्य किए। वैदिक पाठशाला खोलना, गोशालाएं खोलना, तालाब आदि खुदवाना जैसे बहुत से प्रशंसनीय कार्य उन्होंने किए। कुछ विवशताओं के चलते उन्हें शराब पीने की लत भी लगी, जिसका परिणाम यह हुआ कि उनका स्वास्थ्य निरन्तर गिरने लगा। गाँव कुमासपुर में जनता के भारी आग्रह पर उन्हें एक सांग में लाया गया था। उस स्थान पर लोगों ने उनकी अन्तिम उपस्थिति देखी थी। वर्ष 1945 में वो देदीप्यमान नक्षत्र इस संसार से विदा ले गया। उनकी वंश परम्परा में आज उनके पौत्र पण्डित विष्णुदत्त हैं। शिष्य परम्परा में कई नाम हैं, पर पण्डित मांगेराम उनके सर्वाधिक प्रिय सांगी हुए हैं।

कविवर लखमीचंद के व्यक्तित्त्व और कृतित्व का प्रभाव क्या कहिए, कई दृष्टांत ऐसे हैं जो अचम्भित करते हैं। जैसे ही समाज में यह खबर फैली कि पण्डित लखमीचंद अब इस दुनिया में नहीं रहे तो रोहतक के सोनीपत स्टैंड पर एक किसान ने चीखते हुए अपने ऊपर मिट्टी का तेल डाला और आग लगा ली, उसके ये शब्द -'हाय दादा! तेरे बिना कोन्या जिया ज्यावै।' वह कमाल के आशुकवि के तौर पर भी जाने जाते थे। हरियाणवी बोली को उनके योगदान को महत्वपूर्ण मानते हुए हरियाणा सरकार ने रोहतक में उनके नाम पर एक संस्थान भी खोला जिसका नाम है 'सुपवा' यानि पण्डित लखमी चन्द स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफार्मिंग एंड विजुअल आर्ट। आर्ट। उनके व्यक्तित्व की गरिमा को स्वीकारते हुए एक फिल्म भी बनी ' दादा लखमी' जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। सच पूछिए तो समाज आज भी प्रतीक्षा में है दोबारा उन जैसी शख्सियत को अपने यहां पाने की। फिर कोई पण्डित मान सिंह सरीखा गुरु आए और पण्डित लखमीचन्द्र जैसा शिष्य दे दे।


कविवर लखमीचंद कमाल के आशुकवि के तौर पर भी जाने जाते थे। हरियाणवी बोली को उनके योगदान को महत्वपूर्ण मानते हुए हरियाणा सरकार ने रोहतक में उनके नाम पर एक संस्थान भी खोला जिसका नाम है 'सुपवा' यानि पण्डित लखमी चन्द स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफार्मिंग एंड विजुअल आर्ट। उनके व्यक्तित्व की गरिमा को स्वीकारते हुए एक फिल्म भी बनी ' दादा लखमी' जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। सच पूछिए तो समाज आज भी प्रतीक्षा में है दोबारा उन जैसी शख्सियत को अपने यहां पाने की।


---

रागनी | **रामधारी खटकड़**



### बेटी हिन्दुस्तान की

सुण बेटी हिन्दुस्तान की तू बहोत घणी होशियार
जगत म्हं हो नाम...हे तेरी चाहूं जय जयकार (टेक)

सामाजिक प्रदूषण बढग्या , इसनै दूर हटाईये बेटी
नशीली इस संस्कृति म्हं बिल्कुल खो ना जाईये बेटी
विज्ञापन की चमक-दमक तै अपणा गात बचाईये बेटी
गुण्डागर्दी छीनाझपटी जगह - जगह इब दीक्खै हे
बाजार गर्म है नंगेपण का , हर चैनल पै चीखै हे
मॉडल आळा सपना लेकै , नया ऐब ना सीखै हे
बुराई तै टकरा...और नया माहौल कर त्यार.....
जगत म्हं हो नाम.....

भगतसिंह की दुर्गा भाभी , तनै बणाणा चाहूँ सूं
शहीदां नै इस देश के अन्दर फेर बुलाणा चाहूँ सूं
भ्रष्टाचारी इस सिस्टम तै पिण्ड छुड़ाणा चाहूँ सूं
कमरे म्हं फिल्मी चित्र , बिल्कुल ना चिपकाईये हे
बिगड़ी जा रही शान देश की , इसनै ईब बचाईये हे
चन्द्रशेखर राजगुरू सुखदेव का फोटू लाईये हे
चाहिए सै हथियार....हे ले ज्ञान हथियार....
जगत म्हं हो नाम......

काला चश्मा तार आंख तै , आंख खुलैगी तेरी हे
नन्हीं - नन्हीं जान देश की ढाब्यां पै दुख खे री हे
बर्तन मलमल जिन्दगी को ये मुश्किल धक्का दे री हे
किते - किते गोदाम सड़ैं , किते भूखे बच्चे रोते हैं
टूक मिलै ना पेट भराई , सुबक - सुबक कै सोते हैं
भ्रष्टाचारी माणस देखो मिलकै नाव डुबोते हैं
मिलकै इसे बचा...ना तै डुब्बैगी मझधार......
जगत म्हं हो नाम.............

स्वाभिमान तै जीणा सीख , बात मेरी ले मान लाडली
हर क्षेत्र म्हं आगै बढकै , हिन्द की बणज्या शान लाडली
तेरे लबों से सुणना चाहूं , जागृति का गान लाडली
दुनियां म्हं म्हारी इज्जत बढज्या , ऐसे करिये काम हे
तेरा पिता मैं न्यूं चाहूं, तू म्हारा कर दे नाम हे
हम जीन्द जिले के रहणे आळे , खटकड़ सै म्हारा गाम हे
रामधारी नै तू गा....फेर नया बसै संसार.......
जगत म्हं हो नाम

---

रागनी | **पवन मित्तल**



### कवि सै दरबारी कोन्या

कवि सै दरबारी कोन्या, इतने अनाचारी कोन्या ।
सत्ता के पुजारी कोन्या, जो गीत उनके गाएं जां ।। टेक

कवि धोरै कवि आवैं , चलै ज्ञान के रगड़े
तर्कशास्त्र करने की खातिर , सारे होज्यां तगड़े
रहण दो सब झगड़े टंटे, छलकै उड़ै प्रेम के बंटे
होज्यां बारहा-बारहा घंटे , सुने जां सुनाये जां...1

सच्चाई तै लिखना म्हारा , ना भय कोए गम ना
सब दुनिया का भला चाहवे सै , हम किसै तै कम ना
चलै कलम जब भी म्हारे पै,चोरां की नाड़ धरी आरे पै
समता और भाईचारे पै , लिखे जां लिखाये जां...2

कवि धर्म एकाधां जाणै , बहोत मिलै बेवकूफ
बनकै भांड घणे हांडै सै , इसाए इनका भूप
फिर कोई नेताजी चाहिए,ना कमती ना बाहदू चाहिए
राजनीति का साधु चाहिए , जो बसे जां बसाए जां...3

पवन मित्तल कवियां म्हं रहकै , मन होग्या सै जोगी
डर भय का कोए काम नहीं , डरा करै सै भोगी
बामणवास का नाम करादे, जियानंद का भजन करादे
देश हित की रागनी करादे , गाएं जां बजाये जां....4

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

जागीर

## मराठों ने जार्ज थॉमस की बढ़ती शक्ति को देख अपने कमांडर जनरल पैरों को उस पर धावा बोलने के आदेश दिए

# जहाजगढ़ में 1801 में हुआ था भीषण युद्ध




इतिहास | **यशपाल गुलिया**

झज्जर के पश्चिम में स्थित जहाजगढ़ गांव के इर्द गिर्द महीने भर तक भीषण युद्ध हुआ था। दिल्ली दरबार पर मराठों का वर्चस्व कायम होने पर उन्होंने आयरलैंड वासी अपने एक कमांडर को झज्जर की जागीर प्रदान की थी। जार्ज थॉमस नामक यह अधिकारी कुछ ही महीनों में इतना शक्तिशाली बन गया कि उसने न केवल जहाजगढ़ में एक किला बना लिया बल्कि मराठों से स्वतन्त्र होकर अपना एक नया राज्य ही स्थापित कर लिया था। ये सभी गतिविधियां वर्ष 1794 से 1801 के मध्य की गई थी।

दिल्ली की तलहटी से लेकर हांसी-हिसार तक गठित अपने राज्य का नाम सर्वप्रथम हरियाणा उसी ने रखा था लेकिन उसके इतना बलशाली एवं स्वतन्त्र होने पर मराठों को दिल्ली के लिए खतरा अनुभव होने लग गया था। तब वर्ष 1801 में मराठा मुखिया सिंधिया ने अपने कमांडर जनरल पैरों को जार्ज पर धावा बोलने का आदेश दे दिया। लेकिन तब तक जार्ज थॉमस एक बड़ी सेना गठित कर चुका था। वह हांसी के किले में तोपे बनाने का कार्य कर चुका था। उसके तीन और स्थानों झज्जर, जहाजगढ़ तथा हांसी में पर्याप्त युद्ध सामग्री का संग्रह हो चुका था। मराठों तथा जार्ज दोनों की सेनाओं में यूरोपीय कमांडर नियुक्त थे। जनरल पैरो फ्रान्स देश का वासी था। अन्ततः वार्ता आदि के विफल रहने पर मराठा सेना ने लुईस बौरकीन के नेतृत्व में जार्ज के गढ़ जहाजगढ़ पर सितम्बर 1801 में आक्रमण कर दिया। जनरल पैरों स्वयं झज्जर तक आया तथा भरे खां नामक अधिकारी को झज्जर का प्रशासक बनाया गया। फिर बौरकीन व स्मीथ की सेना ने भारावास थली तथा माजरा गांव के पास कैम्प किया। उधर जार्ज भी हांसी का चार्ज रोहिला बटालियन को सौंपकर जहाजगढ़ किले में पहुंच गया और सितम्बर के अन्तिम सप्ताह से ही युद्ध आरम्भ हो गया। दोनो ओर से तोपें चलती रहीं। प्रायः प्रतिदिन युद्ध होने लग गया। जार्ज के पास भी तीन विश्वासपात्र युरोपीय कमांडर होपकीन, कैप्टन ब्रीच व कैप्टन हीयरसे थे। जिन्होंने मराठा सेना का महीने भर तक मुंहतोड़ जवाब दिया। तब मराठों के सामने ज्यादातर देशी शासक नतमस्तक होते थे, इसलिए जनरल के आग्रह से विभिन्न देशी शासकों की सैन्य सहायता भी जहाजगढ़ में पहुंच गई। इनमें सिख शासक गुरदत्त सिंह, गंगा सिंह, भाई लाल सिंह, ब्रजबन्दी सिंह, भरतपुर शासक रणजीत सिंह, हाथरस राजा रामधन सिंह, दोआब आमील रामदयाल तथा बेगम समरू के सैनिक जहाजगढ़ पहुंच गए। ऐसे में स्वयं आंकलन कर सकते हैं कि इतनी भारी भरकम सैन्य शक्ति का मुकाबला जार्ज ने किया था तो कितना भीषण युद्ध हुआ होगा। इस प्रकार सन 1801 का पूरा अक्टूबर महीना जहाजगढ़ के इर्द-गिर्द युद्ध हुआ। अन्त में जॉर्ज के किलेदार सिताब खां ने दुश्मन से मिलकर जहाजगढ़ के किले में आग लगा दी। तब बचे हुए अपने सैनिकों के साथ जार्ज 10 नवम्बर 1801 की रात को हांसी पलायन कर गया। मराठों की सम्मिलित सेना भी पीछा करती हुई एक सप्ताह बाद हांसी के बाहर पहुंच गई। 8-10 दिनों तक जार्ज की सेना ने हांसी में भी युद्ध किया। आखिर कुछ युरोपीय सैनिकों के परामर्श से जार्ज ने दिसम्बर 1801 में आत्मसमर्पण कर दिया। आश्चर्य की बात है कि उस भीषण ऐतिहासिक युद्ध का हरियाणा प्रदेश के शिक्षा विभाग की किसी भी पुस्तक में विवरण नहीं दिया गया है।



हिसार स्थित जॉर्ज कोठी जो जॉर्ज थॉमस का निवास स्थान थी, इसे वर्तमान में जहाज कोठी के नाम से जानते हैं।



हांसी के प्राचीन किले के अवशेष जहां जॉर्ज ने अपने राज्य की राजधानी स्थापित की।

---

# लोक कला एवं संस्कृति अतीत की विरासत : डॉ. सीमा वत्स

कलाकार | **ओ.पी. पाल**

हरियाणवी संस्कृति में लोक कला एवं संगीत की परंपरा की विरासत को संजोने के लिए लोक कलाकार अपनी अलग-अलग विधाओं में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला के रंग बिखेर रहे हैं। ऐसे ही कलाकारों में महिला लोक कलाकार डा. सीमा वत्स भी कविताओं और गीत संगीत के साथ लोक नृत्य की कला को आगे बढ़ाने में जुटी हैं। अपनी लोक कला के जरिए वह लिंग भेदभाव, नारी विमर्श और सामाजिक सरोकार के मुद्दों को लेकर समाज को नई दिशा देने का प्रयास कर रही हैं। खासकर वह नई पीढ़ी को लोक कला एवं संस्कृति की शिक्षा देकर उन्हें अपनी परंपराओं से जुड़े रहने का भी संदेश दे रही हैं।

अपनी लोक नृत्य और गीत संगीत के सफर को लेकर एक शिक्षिका, कवयित्री और लोक कलाकार डा. सीमा वत्स ने बातचीत के दौरान कई ऐसे पहलुओं को भी रखा है, जिसमें लोक कला, संगीत और संस्कृति एक अतीत की विरासत ही नहीं है, बल्कि भविष्य का आधार भी हैं, जिससे अपनी संस्कृति को जीवंत रखने के साथ युवा पीढ़ी को आत्मिक, रचनात्मक और सामाजिक रूप से समृद्ध बनाना संभव है। हरियाणा की लोक कलाकार डा. सीमा वत्स ( डॉ. सीमा रानी) का जन्म 4 मई 1981 को करनाल जिले के घरौंडा में मध्यमवर्गीय ब्राह्मण परिवार में हरिकिशन शर्मा और कमला देवी के घर में हुआ। घर परिवार में किसी तरह का साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल नहीं था, लेकिन घरों में तीज़ त्योहार शादी ब्याह आदि समारोह में गीत, संगीत, नृत्य, अभिनय जैसी कलाकारी देखने को जरूर मिलती रही। उनकी प्राइमरी से इंटरमिडिएट की शिक्षा सरकारी स्कूल में हुई। आर्य कॉलेज से स्नातक की शिक्षा ग्रहण करने के दौरान ही महज 19 साल की आयु में इनका विवाह हो गया और अगले वर्ष मातृत्व सुख और गृहस्थ जीवन की जिम्मेवारियों के साथ पढ़ाई को जारी रखना और लोक कला को जीवित रखना उनके लिए संघर्षशील रहा। चबचपन से ही उन्हें गीत संगीत की अभिरुचि के साथ साहित्य का भी शौक था। उन्होंने एमएससी किया और दोबारा से एमए (अंग्रेजी) की शिक्षा पूरी की। इसके बाद वह पीएचडी पूरी करने में भी कामयाब रही। जीवन के ऐसे उतार-चढ़ाव के बीच उन्होंने लोक नृत्य विधा को अपने से दूर नहीं होने दिया। लोक संस्कृति में नृत्य और गीत की अभिरुचि के चलते ही उन्होंने ग्रेजुएशन में संगीत विषय को चुना था। बकौल डा. सीमा वत्स उनकी कला एवं साहित्यिक गतिविधियों तथा लेखन का फोकस सामाजिक सरोकार के मुद्दे रहे हैं। पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों का और भीख मांगते बच्चों का स्कूल में दाखिला, पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कार्य कर रही हैं। डा. सीमा वत्स गीता जयंती, जिला स्तरीय कार्यक्रमों, कवि सम्मेलन और काव्य गोष्ठी, रेडियो आकाशवाणी आदि में अपने लोक नृत्य का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्हें कार्यस्थल और घर की कक्षाओं में सांस्कृतिक प्रभारी और कोरियोग्राफर के अलावा जिला राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में कोरियोग्राफर के रूप में कार्य करने का भी अनुभव है।





### पुरस्कार और सम्मान

लोक कलाकार डा. सीमा वत्स को लोक कला व संगीत में अनेक पुरस्कार व सम्मानों से नवाजा जा चुका है। भारत नेपाल साहित्य सम्मेलन में स्वर साधना मंच द्वारा उन्हें काव्य स्पंदन सम्मान से अलंकृत किया जा चुका है। वहीं उन्हें गोपाल दास नीरज साहित्य समूह साहित्य सम्मान, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल सम्मान, कला सांस्कृतिक साहित्य सम्मान, सनिधा साहित्य श्री सम्मान, राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान, बी एम बी एक्सीलेंस अवार्ड और लखनऊ में हेल्प यू नारी अस्मिता सम्मान से भी पुरस्कृत किया जा चुका है। इसके अलावा उन्हें सार्थक सेवा समिति, आशा रंगलाल जगदेव फाउंडेशन और श्री शक्ति स्वरूपा भव्य भारत की दिव्य विभूति जैसी संस्थाएं सम्मानित कर चुकी हैं।

### आधुनिक युग में चुनौती

डा. सीमा वत्स का इस आधुनिक युग में लोक कला एवं संस्कृति के सामने चुनौतियों को लेकर कहना है कि इंटरनेट व सोशल मीडिया के प्रभाव, लोक कला, रंगमंच, अभिनय, संस्कृति और साहित्य जैसी परंपरागत विधाओं में देखा जा रहा है। खासकर युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से दूर होती जा रही है, जिसके कारण पहले की तुलना में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि कुछ कम होना स्वाभाविक है। खासतौर से डिजिटल युग में पारंपरिक कलाओं की जगह आधुनिक, तकनीकी और त्वरित मनोरंजन के साधन बन गये और युवाओं को ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया, गेमिंग और रील्स जैसी चीजें भाने लगी हैं। जबकि लोक कला या साहित्य जैसे क्षेत्र ही समाज को सकारात्मक ऊर्जा और अपनी संस्कृति से जोड़े रखता है। ऐसे में आवश्यकता है कि युवाओं को साहित्य और लोक कला व संस्कृति के प्रति प्रेरित करने की दिशा में स्कूली और कॉलेज स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। वहीं सरकारी और निजी स्तर पर लोक कला व संस्कृति के संरक्षण और प्रोत्साहन देने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्रित

**रोहतक।** गांव बहुअकबरपुर में रविवार को रक्त गिरी फाउंडेशन द्वारा अपने सक्रिय वालंटियर मयंक बल्हारा के 16वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 12वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानवीय सेवा की मिसाल पेश की। फाउंडेशन के वॉलंटियरों के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 45 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गिझी निवासी युवक पर जानलेवा हमले की वारदात में शामिल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर जांच की जा रही है। प्रभारी थाना सांपला निरीक्षक बिजेन्दर सिंह ने बताया कि सांपला निवासी आशीष की शिकायत के आधार पर जांच में सामने आया कि आशीष व अनुराग दोस्त है। 10 जुलाई को रात करीब 9:45 बजे अनुराग व आशीष मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुल के नीचे पिकअप डाला लिए अंशु के पास गए। अनुराग व अंशु आपस मे बात करने लगे। इस दौरान अंशु अनुराग को गाली गलौच करने लगा।

### अलग-अलग स्थान से दो बाइक चोरी

**सांपला।** इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। वार्ड नंबर 13 निवासी हितेंद्र और इस्माइला निवासी हिमांशु की घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि वह काम करके घर के बाहर बाइक खड़ी करके घर सो गए। सुबह देखा तो बाइक गायब मिली। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

### महिलाओं ने दुकान से चुराए 20 लेडीज सूट

**महम।** कस्बा महम में भिवानी रोड पर स्थित एक कपड़े की दुकान से ग्राहक बनकर आई कुछ लेडीज दुकान से 20 सूट चोरी कर ले गई। महिला दुकानदार को चोरी का पता तब चला जब महिलाएं कुछ सूट अलग से रखवाकर उन्हें बिना खरीदे ही चली गई। उनके जाने के बाद जब दुकानदार सूटों को फिर से रखने लगी तो सूट कम पाए गए। इस संबंध में दुकानदार ने स्थानीय शहर पुलिस चौकी में शिकायत दे दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आस पास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ 15 को करेगा प्रदर्शन

**रोहतक।** सरकार द्वारा मानी गई मांगों को लागू न किए जाने के विरोध में रिटायर्ड कर्मचारी संघ 15 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगा। जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने बताया कि 22 मई को रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्य सचिव हरियाणा सरकार से वार्ता हुई थी जिसमें मांगों को न्यायोचित, तर्कसंगत मानते हुए निश्चित सीमा अवधि में लागू किए जाने का भरोसा दिया गया था। लेकिन आज तक सरकार ने रिटायर्ड, पैंशनर को फूटी कौड़ी भी नहीं दी है। जिसके कारण रिटायर्ड कर्मियों में भारी नाराजगी है और संघर्ष का ऐलान कर दिया है।

### 25 हजार रुपये की ठगी करने का आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने 25 हजार रुपये की ठगी की वारदात में शामिल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना सांपला निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि 28 मार्च को गिझी निवासी पूर्ण चंद की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पूर्ण चंद के पास फोन आया। युवक ने कहा कि वह उसका जानकार बोल रहा है। युवक ने कहा कि उसका बेटा अस्पताल मे दाखिल है और उसके पास रुपये नहीं है। पूर्ण चंद ने युवक की बातो मे आकर कुल 25 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। मामले की जांच एएसआई निकेश द्वारा की गई।

---

मुनि महाराज के 48वें वर्षा योग में कई राज्यों से श्रद्धालु हुए शामिल

# भक्तों को सत्संग में लगाकर बुराइयों से बचाते साधु-संत : गुप्ति सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

चातुर्मास का अर्थ है ठहराव, यही वह समय है जब सारी धरती जीवों की उत्पत्ति का स्थान बन जाती हैं, इसलिए श्रवण संस्कृति के अनुसार ऋषि मुनि, सन्यासी एक स्थान पर रुककर आत्म साधना करते हुए अपने भक्तों को सत्संग में लगाकर बुराइयों से बचाते हैं। उक्त विचार गुप्ति सागर महाराज ने रविवार को पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर-15 में 48वें पावन वर्षा योग स्थापना के भव्य कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि दौरान साधु संत- अपने भक्तों के साथ मिलकर देश व समाज की समस्याओं का समाधान खोजते हैं। मुनि महाराज ने श्रद्धालुओं को संदेश किया कि 'चला फिरो थको मत, खाओ पिओ छको मत। मधुर बोलो बको मत, देखो भालो तको मत। सच्चाई की राह पर, डटे रहो हटो मत। खाना खाओ प्रेम से, जल्दी-जल्दी भको मत। वीर बनो डरो मर, बुरे काम करो मत'। इससे पूर्व सेक्टर-14 से मुनि महाराज को शोभा यात्रा के साथ दिगंबर जैन मंदिर तक ले जाया गया। शोभा यात्रा में आगे चातुर्मास स्थापना कलश उठाए श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे तथा बैंड़बाजों के साथ श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। शोभा यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गुप्ति सागर महाराज की मंगल आरती की व रंजना शास्त्री ने मंगल पाठ किया। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन ने कहा कि भक्तगण पिछले 30 वर्षों से मुनि महाराज से सोनीपत में चातुर्मास के लिए आग्रह करते चले आ रहे थे। आज मुनि महाराज का चातुर्मास शुरू होने के साथ ही भक्तों की वर्षों पुरानी मुराद पूरी हो गई। उन्होंने कहा कि सोनीपत में महाराज का चातुर्मास होना गौरव का विषय और इससे भक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। डीसी सुनील सारवान ने कहा कि गुप्ति सागर महाराज के मुखारविंद से निकला एक-एक शब्द अमृतमयी बूंद के समान है और जीने की राह सिखाता है।


सोनीपत। शोभायात्रा में शामिल गुप्ति सागर महाराज, मेयर, पूर्व मंत्री एवं अन्य।

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर पूर्व मंत्री कविता जैन, उमेश जैन, उद्योगपति राजन जैन, शीतल जैन, चातुर्मास समिति के चेयरमैन एसके जैन एडवोकेट, भूषण जैन, राजेश जैन, पीयूष जैन, अतुल जैन, मुकेश जैन, हेमंत भूषण जैन एडवोकेट, मनीष जैन, एडवोकेट सुबोध जैन, वीरेंद्र सोनी, पवन गोधा, पवन जैन बैंक वाले, मीनाक्षी जैन मुजफ्फरनगर समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।*

## संस्कारों से होता है मनुष्यता का निर्माण : सुश्रुत रामश्रमी


गोहाना। प्रवक्ता करते हुए प्रो. सुश्रुत रामश्रमी और समारोह में उपस्थित श्रद्धालु।

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को आर्य समाज गोहाना मंडी के मासिक वैदिक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रातः हवन के साथ हुआ जिसमें श्रद्धालुओं को वेदों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। अध्यक्षता आर्य समाज गोहाना मंडी इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल भनवाला ने की। सत्संग समारोह के मुख्य वक्ता आर्य महाविद्यालय पानीपत से प्रो. (डॉ.) सुश्रुत रामश्रमी ने कहा कि वेद मनुष्य के सच्चे पथ प्रदर्शक हैं। वेद कहते हैं कि अच्छे संस्कार ही मानव जीवन का आधार हैं और उसके जीवन निर्माण में सहायक हैं। संस्कारों से ही मनुष्य में मनुष्यता का विकास होता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने संस्कार विधि पुस्तक में गर्भाधान से लेकर अंतेष्टि तक कुल सोलह संस्कार बताए हैं। प्रो. सुश्रुत रामश्रमी के अनुसार संस्कारों से विचार बनते हैं और विचार मनुष्य को ऊंचे शिखर तक लेकर जाते हैं। अच्छे विचार समाज के उत्थान में सहायक बनते हैं। सत्संग समारोह में पं. बिजेंद्र आर्य, सत्यनारायण आर्य, जेई रामपाल, मास्टर अजीत आर्य, पालेराम, रामचंद्र लठवाल, जयपाल आर्य, कुलदीप आर्य, मास्टर प्रदीप आर्य, मास्टर ओमप्रकाश, राजीव आर्य, एडवोकेट इंद्र सिंह भनवाला, ऋषिपाल, आजाद दांगी और कृष्ण आर्य उपस्थित रहे।

## वेलनेस फॉर वंडर वुमन वर्कशॉप में 80 महिलाओं ने की प्रतिभागिता



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित क्लब के पदाधिकारी साथ में वक्तागण।

- रोटरी क्लब सोनीपत मिडटाउन ने कार्यशाला का किया आयोजन
- रोट्रैक्टर्स एवं क्रॉसफिट फिटनेस सेंटर के सदस्य भी रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोटरी क्लब सोनीपत मिडटाउन ने रविवार को रोटरी सेंटर, एटलस रोड, सोनीपत में महिलाओं के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य पर केंद्रित 'वेलनेस फॉर वंडर वुमन वर्कशॉप' का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में एमओसी रोटेरियन पूजा भारद्वाज ओर क्लब से रोटेरियन अंकिता खन्ना, इरा खुराना, ज्योति दहिया, पूनम वर्मा, सरोज डाबरा ओर 80 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों में क्लब के सदस्यों के साथ-साथ रोट्रैक्टर्स एवं क्रॉसफिट फिटनेस सेंटर के सदस्य भी शामिल रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करना था।

#### स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम के दिए सुझाव

इस अवसर पर दो विशेषज्ञों डॉ. तमन्ना आर्य–न्यूरोलॉजिस्ट, वेलनेस एक्सपर्ट और डॉ. अल्पना भाटला, कंसल्टेंट पैथोलॉजिस्ट ने महिला स्वास्थ्य पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में इंटरनेशनल सर्टिफाइड फिटनेस इंस्ट्रक्टर अंजलि बल्हारा द्वारा ऊर्जावान जुम्बा सत्र आयोजित किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य से संबंधित सामान्य समस्याओं की रोकथाम एवं प्रबंधन के व्यावहारिक सुझाव दिए गए। आयोजन के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र और रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था भी की गई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष सीए भूपेश खन्ना ने बताया कि यह वर्कशॉप महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों की योजना बनाई जाएगी।

# कॉलोनीवासियों ने स्वयं उठाया सफाई का बीड़ा

**साइकिलिंग करते हुए पहुंचे मेयर राजीव जैन, अभियान में लिया हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान का असर अब मोहल्लों और कॉलोनियों में साफ दिखने लगा है। सेक्टर-15 स्थित हाउसिंग बोर्ड की पेयजल बूस्टिंग ब्लॉक कॉलोनी में निवासियों ने खुद सफाई की कमान संभालते हुए मिसाल पेश की है। कॉलोनीवासी हर रविवार सुबह एक घंटे का समय निकालकर पार्क, सड़कों व उनके किनारों की सफाई करते हैं और झाड़ियों व घास को हटाकर स्वच्छता का संदेश देते हैं।

आज सुबह इस अभियान के दौरान नगर निगम के मेयर राजीव जैन भी साइकिलिंग करते हुए कॉलोनी पहुंचे और सफाई अभियान में खुद भी फावड़ा चलाकर भाग लिया। उन्होंने कॉलोनीवासियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नागरिकों की भागीदारी ही स्वच्छता मिशन की असली शक्ति है। उन्होंने मौके पर नागरिकों की समस्याएं भी सुनी और समाधान का आश्वासन दिया। मेयर ने कहा कि सोनीपत नगर निगम को स्वच्छता के लिए मिनिस्ट्रीयल अवार्ड मिलना गर्व की बात है। यह तभी संभव हुआ जब आम नागरिकों ने भी स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझा। उन्होंने घोषणा की कि अब पार्कों की देखभाल करने वाली रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को भी हर माह पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही सफाई अभियान से जुड़े कर्मचारियों को प्रत्येक शनिवार सम्मानित किया जा रहा है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि बिजली बिल केंद्र और पानी के ट्यूबवेल परिसर के आसपास गंदगी फैली रहती थी और कोई ध्यान नहीं देता था। मजबूरन उन्होंने स्वयं झाड़ू, कस्सी और फावड़ा उठाकर सफाई का बीड़ा उठाया। इस मौके पर भारत दुआ, रमेश कुमार गुप्ता, रामेंद्र सिंह दहिया, हरिप्रकाश, कर्मवीर शर्मा, सुरेंद्र, अनिल कुमार पांडे, जेके कौशिक, राजपाल, जयसिंह शामिल रहे।



सोनीपत। सेक्टर 15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सफाई अभियान में हिस्सा लेते हुए मेयर राजीव जैन एवं अन्य।

# पक्षियों के लिए बनाएं सुरक्षित आश्रय

- जीवन रक्षक ब्लड समिति ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवन रक्षक ब्लड समिति के तत्वावधान में आज पक्षियों के संरक्षण के लिये एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत पक्षियों के लिए आश्रय (पक्षी घर) बनाने और लगाने का कार्य किया गया। यह आयोजन समिति के अध्यक्ष हुकुम चन्द भारद्वाज के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर अध्यक्ष हुकुम चन्द ने कहा कि शहरीकरण, वनों की कटाई और बढ़ते प्रदूषण के कारण पक्षियों के प्राकृतिक आवास नष्ट होते जा रहे हैं, जिससे कई प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशील हों और उनके लिए आश्रय तथा भोजन की व्यवस्था कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि छोटे प्रयास जैसे घरों में पक्षी घर लगाना, पानी के बर्तन रखना और खुले स्थानों में अन्न डालना, पक्षियों को बचाने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकते हैं। इस अभियान में निशांत रोहिल्ला, नरेंद्र सिंह, मोनू सैनी और अमित सैनी ने सक्रिय भूमिका निभाई।


सोनीपत। अभियान के तहत पक्षियों के बनाए गए आश्रय दिखाते हुए समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# दिव्यांग ने सीएम विंडो पर दी कुएं की जमीन पर कब्जे की शिकायत


गन्नौर। शिकायत दिखाते हुए दिव्यांग प्रवेश कुमार।

- शिकायत में युवक पर जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव कैलाना के दिव्यांग ने सीएम विंडो में दी शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव में फौगाट पाने में कुएं की जमीन पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध निर्माण किया गया है, लेकिन शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को दोबारा शिकायत देकर की मांग की है। शिकायतकर्ता प्रवेश कुमार ने आरोप लगाया कि उनके गांव में फोगाट पाने में गांव के कुए के पास सार्वजनिक उपयोग के लिए छोड़ी गई जगह पर एक व्यक्ति द्वारा गैरकानूनी तरीके से कब्जा कर लिया गया है, जिससे गांव के हितों को ठेस पहुँची है। प्रवेश कुमार ने बताया कि13 जून 2024 को सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाई थी अब एक साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक उस शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायत ग्राम सचिव और अन्य सरकारी अधिकारियों को भी दी गई थी, लेकिन किसी ने भी इसे गंभीरता से नहीं लिया । उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति के प्रभाव के कारण प्रशासन इस मामले में उदासीन रवैया अपना रहा है।

#### निष्पक्ष जांच की मांग

प्रवेश कुमार ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और अवैध निर्माण को हटाया जाए, ताकि भविष्य में कोई और व्यक्ति इस तरह की हरकत करने का दुस्साहस न करे। वे चाहते हैं कि सार्वजनिक भूमि को कब्जे से मुक्त कराया जाए। शिकायत में आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत देने के कारण उसे गांव के सरपंच और ग्राम सचिव से भी अपनी जान का खतरा है।

## फसल अवशेष प्रबंधन पर अनुदान के लिए 15 तक करें आवेदन : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2025 -26 के लिए पराली सप्लाई चेन (फसल अवशेष प्रबंधन) पर अनुदान हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं।धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि एक करोड़ अथवा 1.5 करोड़ रुपये तक कीमत का पराली सप्लाई चेन (फसल अवशेष प्रबंधन) से संबंधित प्रोजेक्ट लगाने पर हरियाणा के कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए 15 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यह आवेदन कृषि पोर्टल agriharyana.gov.in पर करना होगा। कृषि यंत्र निर्माता स्कीम में मशीनों की आपूर्ति हेतु पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अनुदान के लिए दो विकल्प दिए गए हैं, इनमें प्रथम विकल्प के तहत परियोजना लागत का 65 प्रतिशत, 25 प्रतिशत उद्योग एवं 10 प्रतिशत एग्रीगेटर का अंशदान होगा। दूसरे विकल्प के तहत 65 प्रतिशत अनुदान एवं 35 प्रतिशत एग्रीगेटर का अंशदान होगा।

**अभियान** | एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहयोग करने का लिया प्रण

# रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत ने 76वें वन महोत्सव पर लगाए 151 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूरे देश में 76वें वन महोत्सव के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान को मना कर पर्यावरण को बचाने के लिए आभियान चलाया जा रहा है। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत ने भी इस शुभ कार्य में सहयोग प्रदान करने का प्रण लिया है। रविवार को रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत के प्रेसिडेंट रजत डोडा की अध्यक्षता में सदस्यों ने मुरथल रोड स्थित जॉय सिटी में 151 अलग-अलग तरह के पौधे लगाए। जिस से जॉय सिटी तथा आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण को शुद्ध रखने में सहायता मिलेगी। मीटिंग चेयरमैन प्रमोद भगत एवं संध्या भगत ने कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संयोजन किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्य संजय अरोड़ा, जगदीप सिंह, गौतम सचदेवा, कुलदीप सोलंकी, अनमोल, सुरेंद्र दहिया, विक्रम चौधरी, अजय छाबड़ा, सान्या डोडा, शालिनी, रीमा सेठ, मीरा, टेसू, श्वेता, अजरा अरोड़ा तथा नीतू के अतिरिक्त अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे। अंत में रोटरी क्लब के सेक्रेटरी संजय अरोड़ा ने सभी सदस्यों का इस अवसर पर सहयोग के लिए धन्यवाद किया।


सोनीपत। रोटरी क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण पौधरोपण करते हुए।

## अब घरों के आंगन में भी पौधरोपण करेगा संगठन

- साप्ताहिक अभियान : संगठन ने जींद-बरोदा-महम लिंक रोड के साथ 52 पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

समाज कल्याण संगठन ने रविवार को जींद-गोहाना-महम लिंक रोड के साथ फुटपाथ की खाली जगह में अर्जुन, जामुन, शीशम, नीम और जंगली जलेबी के 52 पौधे लगाए। संगठन ने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के अपने साप्ताहिक अभियान में यह पौधरोपण किया। संगठन के सदस्यों ने पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई भी की।

अध्यक्ष आनंद जांगड़ा के अनुसार संगठन अब वह सार्वजनिक स्थलों के साथ-साथ निजी स्थलों और घरों के आंगन में भी पौधरोपण करेगा। इच्छुक व्यक्ति जिसके घर के आंगन या निजी प्रतिष्ठान के परिसर में पर्याप्त जगह है वह पौधारोपण के लिए संगठन से सम्पर्क कर सकता है। संगठन द्वारा निःशुल्क पौधरोपण किया जाएगा और समय-समय पर उनकी देखभाल भी की जाएगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। पौधारोपण में मनोज प्रजापति, मुकेश, राजेश, प्रवीन कश्यप, सुनील, बलजीत जांगड़ा, अभिमन्यु शर्मा, डॉ. बिजेंद्र, साहिल और पवन ने अपनी सेवाएं दी।


गोहाना। पौधरोपण करते हुए संगठन के सदस्य।

#### गड्ढों को किया अधिक चौड़ा

*संगठन ने बारिश के मौसम को लेकर पुराने पौधों के गड्ढों को चौड़ा किया गया है ताकि उनमें अधिक से अधिक पानी इकट्ठा हो सके। इससे पौधों का विकास अच्छा होगा और चारों तरफ जल्द हरियाली फैलेगी।*

## खबर संक्षेप



खरखौदा। लोगों की समस्याएं सुनते विधायक पवन खरखौदा।

### विधायक पवन खरखौदा ने सुनी समस्याएं

**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने रविवार अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने बीडीपीओ व अन्य अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। सिसाना गांव में तालाब ओवरफ्लो होने की शिकायत पर बीडीपीओ और एसडीएम को कार्रवाई करने को कहा। विधायक पवन ने थाना कलां बाईपास पर फिट इंडिया साइकिल शोरूम का उद्‌घाटन किया।

### संगठन ने चलाया जन चेतना अभियान

**खरखौदा।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन द्वारा जटोला गांव की चौपाल में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें किसान मजदूर की समस्याओं- कारण व निवारण पर चर्चा की गई। संगठन जिलाध्यक्ष हंसराज राणा ने कहा कि एमएसपी, बिजली बिल 2023 समीट मीटर कर्जा माफी, नहरी पानी एवं निजीकरण, डीसी रेट पर न मिलने वाला वेतन, बेरोजगारी की समस्या बनी हुई है।

## 496 पुलिसकर्मियों की 80 टीमों ने एक साथ की कार्रवाई

# ऑपरेशन प्रहार: हत्या, मादक पदार्थ और अवैध शराब सहित 50 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 214 चालान भी किए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत पुलिस ने जिले में 'ऑपरेशन प्रहार' नामक विशेष अभियान चलाया गया। रविवार को सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक चले इस व्यापक ऑपरेशन में जिला पुलिस की 80 टीमों ने एक साथ मोर्चा संभालते हुए विभिन्न अपराधों में संलिप्त 50 आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराधियों के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया। इनमें हत्या, नशा तस्करी, अवैध शराब तस्करी सहित कई संगीन मामलों में संलिप्त आरोपी शामिल हैं।

### संदिग्ध वाहनों की भी तलाशी ली

टीमों ने सड़कों पर चल रहे संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 214 चालान जारी किए गए। साथ ही आमजन को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया गया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस उपायुक्त (क्राइम) नरेन्द्र कादयान और जिले के सभी सहायक पुलिस आयुक्तों की निगरानी में 496 पुलिसकर्मियों की टीमें बनाई गई थीं। अभियान के दौरान पुलिस ने 4 नए आपराधिक मुकदमे दर्ज किए, जिनमें हत्या, शराब तस्करी और नशा तस्करी जैसे संगीन अपराध शामिल हैं।



सोनीपत। पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार चलाकर गिरफ्तार किए गए आरोपित।

### अभियान की प्रमुख उपलब्धियां

*अवैध शराब :* आबकारी अधिनियम के तहत 3 मुकदमे दर्ज, 3 आरोपी गिरफ्तार। उनके कब्जे से 323 बोतल देशी शराब, 145 बोतल अंग्रेजी शराब और 12 बोतल बीयर बरामद की गई।

*नशीले पदार्थ :* मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 1 मामला दर्ज, 1 आरोपी को 1 किलो 800 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया गया।

*हत्या का आरोपी गिरफ्तार :* एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 द्वारा खरखौदा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया।

*अन्य गिरफ्तारी :* अभियान के दौरान 3 उद्घोषित अपराधी और 36 बेल जंपर (जमानत के बाद फरार आरोपी) को भी गिरफ्तार किया गया।

### बख्शा नहीं जाएगा

*जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है - या तो वे अपराध छोड़ें या जिला। अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अपराध की सूचना तुरंत संबंधित थाना या पुलिस चौकी को दें। पुलिस और जनता के सहयोग से ही सोनीपत को अपराधमुक्त बनाया जा सकता है।*

*- नरेंद्र कादयान*
*पुलिस उपायुक्त (क्राइम), सोनीपत*

### आम नागरिकों में विश्वास भी बढ़ा

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार' पुलिस की सख्ती और तत्परता का प्रतीक बनकर उभरा है। इससे न केवल अपराधियों में भय व्याप्त हुआ है, बल्कि आम नागरिकों में विश्वास भी बढ़ा है कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर स्तर पर सजग और सक्रिय है।

# जिन निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया, शीघ्रता से पूर्ण कराकर लोगों को समर्पित करे : कृष्णा

विधायक गहलावत ने विभिन्न निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया

**राई ।** राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को हलके में विकास कार्य को बढ़ावा देते हुए विभिन्न निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया। विधायक ने गांव दीपालपुर में बीसी चौपाल की नींव रखते हुए ग्रामीणों की कई साल पुरानी मांग को पूरा किया। चौपाल के निर्माण पर 25 लाख की लागत आएगी और जल्दी ही यह कार्य पूरा हो जाएगा। बीसी समाज के लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक ने गांव दीपालपुर में जनरल चौपल का रिबन काटकर उद्‌घाटन किया। चौपाल के निर्माण पर करीब 30 लाख खर्च हुए। गांव में बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन की विधायक ने नींव रखी । गांव जाजल में डी प्लान के तहत चौपाल का नारियल फोड़कर कार्य शुरू करवाया। चौपाल के निर्माण में 10 लाख की लागत आएगी। गांव मुरथल में जिम का उद्‌घाटन किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हरियाणा सरकार गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। बीसी योजना के तहत विशेष रूप से उन वर्गों और क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो अब तक उपेक्षित रहे हैं। आज जिन निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया है , शीघ्रता से पूर्ण कराकर गांव के लोगों को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग नहीं होना चाहिए।



राई। विधायक कृष्णा गहलावत गांव दीपालपुर में बीसी चौपाल की नींव रखने के बाद संबोधित करते हुए ।

**यह रहे मौजूद:** मौके पर खंड एवं विकास अधिकारी मुरथल अंकुर, भाजपा के जाखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र मुरथल ,मंडल अध्यक्ष विकास कौशिक,मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री ,अनिल आंतिल , पूर्व चेयर मेन कुलदीप नांगल, मास्टर सत्यनारायण आंतिल, प्रियव्रत, जेपी रेवली, रामकुमार, राकेश बरोटा, अमित , पंडित जगबीर ,दीपक मुकीमपुर ,राहुल, योगेश चौहान, जसपाल, महावीर ,नरेश कृष्णा, रमेश ,मुरथल विनोद बैरागी, पंडित प्रमोद ,विनोद कुंडली ,वीरेंद्र हेल्थ इंस्पेक्टर आदि मौजूद थे।

## गांव धनाना की बेटी मोंटी को सीएम ने किया सम्मानित



गोहाना। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत कक्षा 12वीं की नॉन मेडिकल की परीक्षा में गांव धनाना मूल की मेधावी छात्रा मोंटी ने पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल करके अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रा ने परीक्षा में 500 में से 496 अंक हासिल किए। उनकी इस शानदार उपलब्धि को लेकर अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में उनको सम्मानित किया। छात्रा मोंटी के पिता सुरेंद्र जाटायन पेशे से किसान हैं और उनकी माता सुमन गृहिणी हैं। सुरेंद्र फिलहाल अपने परिवार के साथ हिसार के गांव बास में रहते हैं। ये गांव धनाना के जाटायन पाना में गोपालपुरिया परिवार से हैं। छात्रा ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। मोंटी का लक्ष्य आईएएस बन कर देश की सेवा करना है।

## जोत महोत्सव श्रद्धा और संस्कृति का प्रतीक पर्व : पुनीत राई



राई। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई का सम्मान करते हुए।

राई । भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई को महोत्सव के लिए बालाजी सेवा संघ द्वारा जोत महोत्सव को लेकर अवगत करवाने के बाद सम्मान किया संघ के सदस्यों ने महोत्सव को लेकर अपने विचार साझा किए और समाज को जोड़ने वाली इस परंपरा को सजीव एवं प्रेरणादायक बताया। भाजपा नेता पुनीत राई ने कहा कि जोत महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारी लोक आस्था, समाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज के हर वर्ग को एकत्र कर एकता, श्रद्धा एवं भक्ति का अद्वितीय संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसे आयोजनों की महत्ता और भी अधिक बढ़ गई है क्योंकि यह युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद थे ।

## शिविर में 280 की जांच, 33 मोतियाबिंद रोगी चिन्हित

नई अनाज मंडी में लाला श्रीपाल जैन की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा एवं दिशा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नई अनाज मंडी गन्नौर में स्वर्गीय लाला श्रीपाल जैन की पुण्यतिथि पर विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। 108 गुप्ति सागर महाराज की प्रेरणा से आयोजित शिविर में नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, रक्तदान, कृत्रिम अंग माप, बीपी, शुगर, कैल्शियम व कोलेस्ट्रॉल की जांच की गई। नेत्र जांच शिविर में 280 की जांच की गई, जिनमें से 33 मोतियाबिंद रोगी चिन्हित हुए। मौजीराम आई हॉस्पिटल टीम के डॉक्टर वीपीएस वर्मा के नेतृत्व में शिविर संपन्न हुआ। 275 को दवाइयां एवं 104 जरूरतमंदों को चश्में निःशुल्क वितरित किए गए। चिन्हित मरीजों के ऑपरेशन 18 व 21 को दिल्ली के मौजीराम आई हॉस्पिटल में होंगे। शिविर में लायंस ब्लड बैंक शालीमार बाग की टीम ने डॉ. मेहता व डॉ. संदीप के नेतृत्व में 86 यूनिट रक्त संग्रहित किया। लाला देवीचंद कृत्रिम अंग निर्माणशाला हिसार की टीम ने 27 दिव्यांगजनों के हाथ-पैर की माप ली। पीजीआई रोहतक से टीम द्वारा अंगदान व नेत्रदान की शपथ दिलवाई गई, 16 ने अंगदान का संकल्प लिया। शिविर का शुभारंभ आई.पी.एस. डॉ. अशोक गर्ग (पूर्व डीजीपी उत्तराखंड, उपकुलपति स्पोर्ट्स यूनि. राई) एवं जसविंदर सिंह (रजिस्ट्रार) ने किया। उप कुलपति डॉ. अशोक गर्ग ने स्वर्गीय लाला श्रीपाल जैन को जनसेवा का प्रतीक बताते हुए आयोजन को प्रेरणादायक कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश कौशिक (उपाध्यक्ष, भारत विकास परिषद हरियाणा मध्य प्रांत) ने की। शिविर संयोजक अमित जैन, अध्यक्ष संदीप सिंघल, सेवा संयोजक राजकुमार अग्रवाल, अनुराग दिगानी आदि ने योगदान दिया। मौके पर कृष्ण जिंदल, तरूण प्रताप त्यागी, नेहा त्यागी, निशा , भावना, नरेन्द्र पंतजलि, मनुजा जैन, अंकित त्यागी, चारु चांदना, इंद्रा त्यागी, अजय त्यागी, राजेंद्र कौशिक, शकुंतला कौशिक, डॉ. मनोज, डॉ राजेश शर्मा, सचिव विकास मौजूद थे।



गन्नौर। राई स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के उप कुलपति डॉ अशोक गर्ग का स्मृति चिन्ह देते हुए अमित जैन व परिषद प्रधान संदीप सिंघल व अन्य ।

## सोनीपत संगठनात्मक प्रदर्शन में प्रदेश में चौथे स्थान पर पहुंचा



पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए।

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सोनीपत की नवगठित जिला कार्यकारिणी की पहली बैठक आज सेक्टर-8 स्थित पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री अशोक भारद्वाज ने की। इस मौके पर नव नियुक्त पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से पदभार सौंपा गया और पार्टी की आगामी रणनीतियों तथा सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने कहा कि पहले संगठनात्मक दृष्टि से सोनीपत जिला हरियाणा में 19वें स्थान पर था, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की सक्रियता और मार्गदर्शन के चलते आज सोनीपत चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा द्वारा देशभर में चलाए जा रहे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान में भी सोनीपत जिला पूरे हरियाणा में पहले स्थान पर रहा है, जो जिले के कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण का परिणाम है। अशोक भारद्वाज ने बताया कि वर्तमान में घोषित जिला कार्यकारिणी के बाद प्रकोष्ठों और मोर्चों के पदाधिकारियों की घोषणा भी शीघ्र की जाएगी। बैठक में जिला महामंत्री तरुण देवदास, मीडिया प्रभारी एडवोकेट दिनेश अत्री, नीरज सोनीपत सहित सभी 15 मंडलों के अध्यक्ष, नवनियुक्त पदाधिकारी और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने अवैध शराब सहित 2 आरोपित गिरफ्तार किए

**गोहाना ।** थाना सदर गोहाना की पुलिस टीम ने ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध शराब तस्करी की दो अलग-अलग घटनाओं में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से अवैध शराब भी बरामद की। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 13 जुलाई को थाना सदर गोहाना में तैनात मुख्य सिपाही आनंद अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गांव बीधल में मुख्य अस अड्डे पर मौजूद थे। तब उनको सूचना प्राप्त हुई की गांव बीधल निवासी दिलबाग पुत्र महाबीर प्लिास्टिक के कट्टों में अवैध शराब डालकर गांव में ही लक्ष्य चिकन कार्नर के पीछे बेच रहा है। इसके बाद पुलिस ने रेड की और आरोपित के पास से 59 बोतल देसी शराब, 13 बोतल अंग्रेजी शराब की व 12 बोतल बीयर की बरामद की। सदर थाना गोहाना की पुलिस ने दूसरी घटना में गांव मुंडलाना निवासी दीपक पुत्र रोहताश को गिरफ्तार किया है। वह गोहाना से खरखौदा मार्ग पर गांव एसपी माजरा में स्कार्पियो गाड़ी में अवैध शराब बेच रहा था। पुलिस ने आरोपित को देसी व अंग्रेजी की कई पेटी अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## शिविर में 28 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

■ शहीद उद्यम सिंह की स्मृति में अगवानपुर में लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अगवानपुर में शहीद उद्यम सिंह की पावन स्मृति में राजकीय स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 28 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा गन्नौर व रेड क्रॉस सोसाइटी सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा ने शिरकत की। जसवीर ने संबोधित करते हुए कहा कि शहीद उद्यम स्मृति में सेवा कार्यों का आयोजन समाज को न केवल प्रेरणा देता है, बल्कि राष्ट्रसेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने अपने संबोधन में शहीद उद्यम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि "शहीदों की स्मृति में ऐसे आयोजनों का महत्व अतुलनीय है। रक्तदान, जीवनदान के समान है। काउंसलर बिजेंद्र सिंह ने आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। इस मौके पर भाविप वीर सावरकर शाखा संरक्षक भारत भूषण भुटानी, शाखा अध्यक्ष मंजू शर्मा, शाखा सचिव प्रीतम लाल आहूजा, शाखा सदस्य सुबोध कुमार , सर्व धर्म सेवा संघ से मास्टर विजेंद्र रंगा , योगेंद्र कुमार मौजूद थे।



गन्नौर। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा व परिषद की अध्यक्ष मंजू शर्मा व पदाधिकारी शिविर का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## रक्तदान मानव सेवा का सर्वोच्च कार्य

■ खुबड़ू में रक्तदान शिविर विधायक देवेंद्र कादियान ने रक्तदान कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर । गांव खुबड़ू में रक्तदान शिविर में विधायक देवेंद्र कादियान रक्तदान कर शुभारंभ करते ।

गांव खुबडू में जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने स्वयं रक्तदान करके शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 35 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया । कादियान ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि हर युवा को वर्ष में कम से कम चार बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान न केवल जीवन बचाने वाला कार्य है, बल्कि इससे शरीर को कोई हानि नहीं होती, बल्कि लाभ ही होता है। विधायक ने रक्तदान को मानव सेवा का सर्वोच्च कार्य बताया और कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा और जागरूकता की भावना को बढ़ावा मिलता है। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों में पहले डर और भ्रम था, लेकिन अब जागरूकता बढ़ने से लोग स्वेच्छा से आगे आ रहे हैं। शिविर का आयोजन समाजसेवी मनजीत चिमा द्वारा किया गया। नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आने वाले समय में फाउंडेशन द्वारा और भी स्वास्थ्य एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि जनसेवा को और सशक्त किया जा सके। इस अवसर पर पूर्ण सिंह, जोगिंदर मास्टर, रामनिवास मलिक, डा. अनिल, अजीत शर्मा, प्रवीण, सुरेंद्र, मनजीत, वीरेंद्र, अजमेर, राजेंद्र पहलवान मौजूद थे।

**सम्मान** | गांव पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया

# अमेरिका में वर्ल्ड पुलिस गेम्स में नवीन मोर व बलराम ने जीते गोल्ड

■ लड़सौली के पहलवान नवीन मोर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अमेरिका के बर्मिंघम शहर में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स का आयोजन हुआ। इसमें गन्नौर के ही लड़सौली गांव के भारत केसरी व भीम अवार्डी नवीन मोर ने कुश्ती में स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। नवीन हरियाणा पुलिस में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

नवीन मोर के स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान के अलावा पुलिस विभाग के अधिकारी, प्रो कबड्डी लीग खिलाड़ी मंजीत छिल्लर आए । गांव पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। लोगों ने फूल मालाओं से उनका सम्मान किया। हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सम्मान समारोह में पहुंचकर दोनों विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह गन्नौर के लिए स्वर्णिम पल है। युवाओं का खेलों की ओर बढ़ता रुझान गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि बलराम और नवीन दोनों देशसेवा के साथ खेलों में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। विधायक ने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और खेलों से जुड़ें। सरकार खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेल नर्सरियां खोल रही है। इससे युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस मौके पर पूर्व सांसद जितेंद्र मालिक, राज सिंह, अनिल कुमार, प्रियव्रत मोर, रामकुमार, अतर सिंह, जयभगवान, सुंदर, भूप सिंह, गुलाब, रामेहर, राजबीर, आजाद सिंह, ओमप्रकाश, लख्मी और जगबीर मौजूद रहे।

वही गन्नौर के सैय्याखेड़ा गांव के बलराम बैरागी ने 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ और इंडिविजुअल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। बलवान उत्तरप्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान वर्ल्ड पुलिस गेम्स में लड़सौली के पहलवान नवीन मोर का स्वागत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



गन्नौर ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली पहलवान नवीन मोर का स्वागत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### पहलवान नवीन मोर ने लहराया देश का परचम

*लड़सौली के पहलवान नवीन मोर ने अमेरिका में देश का नाम रोशन किया। दोनों का कहना है कि बचपन से ही खेलों में रुचि रही है। नवीन पहले भी कई बार अपने खेल में उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। इस बार अमेरिका में जीत दर्ज कर उन्होंने फिर से देश का परचम लहराया। दोनों ने कहा कि यह जीत देश, गांव और परिवार को समर्पित है। उन्होंने कहा कि आगे भी देश के लिए पदक लाने की कोशिश जारी रहेगी। जीत के बाद गांव में खुशी का माहौल है।*